NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, दिनांक: 11 नवंबर 2021

एनएचएसआरसीएल ने गुजरात राज्य में वडोदरा और साबरमती डिपो एवं कार्यशाला के बीच 116 किलोमीटर ट्रैक के लिए जेआरटीसी के साथ हाई स्पीड रेल ट्रैक वर्क्स के डिजाइन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के लिए, नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने आज जापान रेलवे ट्रैक कंसल्टेंट कंपनी लिमिटेड (जेआरटीसी) के साथ टी3 पैकेज (गुजरात राज्य में वडोदरा और साबरमती डिपो एवं कार्यशाला के बीच 116 किमी) के लिए हाई स्पीड रेल (एचएसआर) ट्रैक के डिजाइन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

जेआरटीसी प्रमुख एचएसआर ट्रैक घटकों जैसे आरसी ट्रैक बेड, ट्रैक स्लैब व्यवस्था और कन्टिन्यूअस वेल्डेड रेल (सीडब्ल्यूआर) आदि के विस्तृत डिजाइन और ड्राइंग मुहैया कराएगा।

इस अवसर पर श्री राजेंद्र प्रसाद, निदेशक, परियोजना, एनएचएसआरसीएल ने कहा, "आज यह समझौता ज्ञापन जेआईसीसी, जेआरटीसी और एनएचएसआरसीएल टीम द्वारा की गई कड़ी मेहनत का परिणाम है। जेआरटीसी इस तरह के अत्यधिक तकनीकी कार्य के लिए एकमात्र विशिष्ट एजेंसी है और उनके सहयोग से हमें उम्मीद है कि हम ट्रैक डिजाइन को शीघ्रता से अंतिम रूप दें साकेंगे।

समारोह में श्री आईएसएओ होरियामा, अध्यक्ष जेआरटीसी, प्रधान कार्यकारी निदेशक/डिजाइन, एनएचएसआरसीएल, श्री एच.एल.सुथर तथा जेआईसीसी, एनएचएसआरसीएल और जेआरटीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

एनएचएसआरसीएल ने पहले गुजरात राज्य में वडोदरा और वापी के बीच T-2 पैकेज (237 किमी लंबे खंड) के लिए एचएसआर ट्रैक और ट्रैक कार्यों के डिजाइन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

सुषमा गौर
प्रवक्ता
अतिरिक्त महाप्रबंधक / जनसंपर्क
एनएचएसआरसीएल
दूरभाष : 9810296813

***